दिनांक 03.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

उज्जवला योजना के शेष हितग्राही एवं राशन कार्ड का होगा घर–घर सर्वेक्षण।

भिलाईनगर/ छ.ग.शासन खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय रायपुर व कलेक्टर खादय शाखा दुर्ग के निर्देशानुसार उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदाय हेतु शासन द्वारा भेजी गई सूची में ऐसे हितग्राही जिसके परिवार के सदस्य वयस्क नही है। परिवार में एक सदस्य है। परिवार को गैस कनेक्शन पूर्व से प्राप्त है। परिवार में वयस्क महिला सदस्य नही है तथा ऐसे परिवार जिन्हे इस योजना के तहत गैस मिल चुका है। उनका नाम हटाकर पृथक से नयी सूची तैयार की गई है। हितग्राहियों की पहचान के लिए नगर निगम द्वारा निगम के अधिकारी, कर्मचारी आंगनबाडी कार्यकर्ता व गैस एजेन्सी राशन दुकान सेल्समेन की सयुक्त टीम बनाकर **05 जनवरी 2018** से घर–घर सर्वे कराया जावेगा। शासन ने यह **कार्य 15 दिनों के भीतर पूर्ण** करने का निर्णय लिया है। घर–घर सर्वेक्षण के दौरान गठित दल द्वारा दिव्यांगो के लिए राशन कार्ड पात्र हितग्राहियों का राशनकार्ड व छुटे हुए राशन कार्ड धारी सदस्यों के आधार कार्ड बैक खाता मोबाईल नम्बर भी संकलित करेगे।

इस संबंध में **कल दिनांक 04 जनवरी 2018 को नगर निगम मुख्यालय के सभागार** में दो पालियो में प्रशिक्षण कराया जावेगा। प्रशिक्षण में खादय विभाग के अधिकारियों के अलावा लगभग 330 प्रशिक्षाणार्थी इस कार्य का प्रशिक्षण लेगें।

जनसम्पर्क विभाग